प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 20.03.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– देश की युवा शक्ति की अदम्य भावना से फल–फूल रही है भारत की स्टार्टअप पारिस्थितिकी।

2. झारखण्ड के राज्यंपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने आज तेलंगाना के राज्यपाल का अतिरिक्त पदभार किया ग्रहण।

3. आगामी लोकसभा चुनाव के तहत चतरा में आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय को जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन चला रहा मतदाता संपर्क अभियान।

4. मांडू विधानसभा के विधायक जेपी पटेल कांग्रेस पार्टी में हुए शामिल, झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा– मांडू क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी होगी मजबूती।

5. भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा– सीएम बनाने के लिए कल्पना सोरेन को गांडेय सीट से उपचुनाव में उतारने की झामुमो कर रहा तैयारी, झामुमो की आज गिरिडीह में बैठक।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत की स्टार्टअप पारिस्थितिकी देश की युवा शक्ति की अदम्य भावना से फल–फूल रही है। भारत मंडपम में स्टार्टअप महाकुम्भ के अंतिम दिन आज प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की रूपरेखा पर काम कर रहा है। ऐसे समय स्टार्टअप महाकुम्भ का बहुत महत्व है। उन्होंने कहा कि भारत में नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आज भारत की स्टार्टअप क्रांति का नेतृत्व देश के छोटे कस्बों के युवा कर रहे हैं। इस अवसर पर केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्यं हासिल करने की दिशा में स्टार्टअप की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

********************

झारखण्ड के राज्यंपाल सी.पी. राधाकृष्णान ने आज सुबह तेलंगाना के राज्यपाल का पदभार ग्रहण किया। समारोह का आयोजन हैदराबाद में राजभवन में किया गया। तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे ने उन्हें शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्युमंत्री ए. रेवंत रेड्डी, कई मंत्री, जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बता दें कि सीपी राधाकृष्णन को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तेलंगाना के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।

********************

लोक सभा चुनाव 2024 के सफल संचालन के लिए चतरा जिले में आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन किया जा रहा है। जिला अनुश्रवण की बैठक में उपायुक्त रमेश घोलप ने जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान तेज करने का निर्देश दिया है। मीडिया में प्रकाशित खबरों पर नजर रखने एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर नजर बनाए रखने के लिए मीडिया कोषांग का गठन भी कर लिया गया है। उपायुक्त ने दिव्यांग मतदाता और 80 वर्ष के ऊपर के वैसे मतदाताओं को चिन्हित करने का निर्देश दिया है जो मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने में असमर्थ हैं।

इधर चतरा के प्रतापपुर प्रखंड के हिंदिया बिरहोर टोला के युवक पंकज बिरहोर को स्वीप चतरा का जिला आइकॉन बनाया गया है। स्वीप आइकॉन बनने के बाद पंकज गांवों में जाकर बैगा बिरहोर लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं।

********************

चतरा जिले में मतदान कर्मियों को ईवीएम से जुड़ी तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दो दिवसीय प्रशिक्षण के पहले दिन आज मतदान कर्मियों को ईवीएम से जुड़ी बुनियादी जानकारी और उसके संचालन के तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया जा रहा है। उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर चतरा महाविद्यालय में प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। इस प्रशिक्षण में सात हजार आठ सौ पैंतीस चुनाव पदाधिकारी और कर्मी शामिल हो रहे हैं।

********************

हजारीबाग जिले के मांडू विधानसभा क्षेत्र के विधायक जेपी पटेल आज कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गये। झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलायी। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने उनका कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया। बता दें कि 2019 में जेपी पटेल को झामुमो ने पार्टी से निषकासित कर दिया था जिसके बाद वे भाजपा में शामिल हो गये थे। इस मौके पर झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि जेपी पटेल के कांग्रेस में आने से पार्टी को क्षेत्र में मजबूती मिलेगी।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

********************

गोड्डा से भाजपा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने कहा है कि जेल में बंद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन राज्य की मुख्यमंत्री बनने के लिए गांडेय विधानसभा से उपचुनाव लड़ना चाह रही हैं। उन्होंने कहा कि गोड्डा संसदीय क्षेत्र की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किये गये विकास कार्यों के नाम पर वोट देगी।

********************

उधर झारखंड मुक्ति मोर्चा चुनाव की तैयारी में जुट गई हैं। हालांकि अभी तक झामुमो ने उम्मीदारों की घोषणा नहीं की हैं। गिरिडीह में आज विधायक मथुरा महतो पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनाव की रणनीति तैयार करेंगे। दोपहर में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन गांडेय का दौरा करेंगी। गिरिडीह के झामुमो विधायक सूदिव्य कुमार सोनू ने दोनों कार्यकर्मों की पुष्टि की हैं। इधर गांडेय उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन और गिरिडीह लोकसभा में पार्टी प्रत्याशी मथुरा महतो के होने की चर्चा हो रही है।

********************

दुमका जिले में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत नव भारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

********************

नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव चंद्रशेखर ने सड़कों पर उभरे गड्ढों को अविलंब भरकर सुधारने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि पाइपलाइन बिछाने के साथ–साथ मरम्मत करते जाएं। सचिव ने पाइपलाइन

और मरम्मत का काम रात में कराने का निर्देश दिया। जुडको के अधिकारियों ने बताया कि एनएचआई, पथ निर्माण एवं वन विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने में देर होने के कारण योजनाओं को धरातल पर उतारने में देरी हो रही है। सचिव ने हिंदपीढ़ी में जलमीनार बनाने को लेकर स्थानीय लोग से बात कर समाधान निकालने का निर्देश दिया। उन्होंने जलापूर्ति योजनाओं का जायजा लिया और पेयजलापूर्ति जल्द शुरू कराने का निर्देश दिया।

********************

- जामताड़ा जिले के सहायक निर्वाची पदाधिकारी अनंत कुमार ने कल राजनीतिक दालों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी और उसका अनुपालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों एवं संगठनों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
- हजारीबाग जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से 30 महिला कृषकों को प्रशिक्षण के लिए गुजरात के आनंद भेजा गया है। आज से 22 मार्च तक गुजरात के आनंद में महिला कृषकों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। सभी कृषकों को रांची एयरपोर्ट से अहमदाबाद भेजा गया।
- चतरा जिले के वशिष्टनगर जोरी थाना क्षेत्र के केडिमो पोस्ट में सीआरपीएफ जवान ने आज सुबह अपने सर्विस रायफल से खुद को गोली मार ली। जिससे उसकी मौत हो गयी। जवान राजस्थान के दौसा का रहने वाला था।
- रांची–पटना जनशताब्दी ट्रेन के प्रस्थान समय में आज परिवर्तन किया गया है, यह ट्रेन अपने निर्धारित प्रस्थान समय 2 बजकर 25 मिनट की जगह शाम 7 बजकर 55 मिनट पर रांची से प्रस्थान करेगी।

********समाप्त*************